आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में शुरू होगी विशेष चर्चा । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे चर्चा की शुरुआत।
- उत्तर प्रदेश सहित नौ राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर जारी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ और सहारनपुर में जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की।
- नागर विमानन मंत्रालय ने घरेलू विमान सेवाएं सुचारू तौर से चलाने का दिया आश्वासन। सभी विमान कंपनियों को संशोधित किराए ढांचे का पालन करने का निर्देश।
- गोवा के नाइट क्लब में हुई आग दुर्घटना में उत्तर प्रदेश के दो लोगों सहित पचीस की मौत। मुख्यमंत्री ने जताया शोक।

****

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। चर्चा के लिए दस घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

****

उत्तर प्रदेश सहित नौ राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर का दूसरा चरण जारी है। चुनाव आयोग ने बताया कि इस चरण के तहत मतदाताओं के बीच पचास करोड़ चौरानवे लाख से ज्यादा गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं और इनमें से पचास करोड़ से अधिक प्रपत्र डिजिटल हो चुके हैं।

इस बीच, प्रदेश में एसआईआर को सफल बनाने के लिए सरकार, जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दल भी जुटे हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अलीगढ़ और सहारनपुर में जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। एक रिपोर्ट–

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर जिले में मतदाता सूची तैयार करने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरूरत पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के निरीक्षण के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ एसआईआर अभियान और विकास की योजनाओं की प्रगति को लेकर बैठक की। समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने गाजियाबाद में एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक सतत प्रक्रिया है।

महानगर एवं जनपद के कार्यकर्ताओं की एसआईआर के संबंध में एक गहन समीक्षा बैठक हुई है। सभी बूथ पर हमारे कार्यकर्ता साथी जा रहे हैं और कोई भी व्यक्ति ऐसा जो घुसपैठिए के रूप में निवास कर रहा है, वह मतदाता सूची में बचे ना जो नाबालिग मतदाता हैं, मतदाता सूची में उनका नाम डिलीट किया जाए, जो मृतक है उनका डिलीट किया जाए और इसके अलावा पूरी तरह से जो गणना प्रपत्र फॉर्म मिले हैं, वह शत–प्रतिशत जमा हो, इसके लिए एक बड़ा अभियान भारतीय जनता पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप छेड़ रखा है।

एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र भरवाने का काम ग्यारह दिसंबर तक पूरा किया जाना है।

****

ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा है कि इकतीस मार्च दो हजार पचीस के बाद आंशिक भुगतान कर चुके बिजली बकायेदारों को भी विद्युत बिल राहत योजना का लाभ दिया जायेगा। अभी तक आंशिक भुगतान कर चुके बिजली बकायेदारों को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया था।

****

प्रदेश ने प्राकृतिक स्रोतों से मिलने वाली ऊर्जा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करते हुए सौर ऊर्जा के तीन लाख से अधिक उपकरणों की स्थापना के लक्ष्य को पार कर लिया है। एक रिपोर्टः

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 9 लाख 83 हजार 915 आवेदनों में से 3 लाख 654 सौर ऊर्जा उपकरण लगाए जा चुके हैं। राज्य में सौर ऊर्जा की कुल स्थापना क्षमता 1038.27 मेगावॉट तक पहुंच चुकी है जिससे लाखों परिवारों को स्वच्छ और किफायती ऊर्जा प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही राज्य सरकार अब तक 2074.53 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी कर चुकी है जिसने उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ को काफी हद तक कम कर दिया है। पीएम सूर्यघर योजना और राज्य की नई सौर नीति के जरिए बड़े पैमाने पर अवसंरचना तैयार की गई जिसने ऊर्जा क्षेत्र में विश्वास और सरलता का नया माहौल बनाया है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह

****

नागर विमानन मंत्रालय ने आश्वस्त किया कि घरेलू विमान सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं और इंडिगो के प्रदर्शन में लगातार सुधार हो रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि उड़ान कार्यक्रम फिर से सामान्य हो रहा है। एक रिपोर्ट–

यात्रियों के लिए कीमतों में बढ़ोतरी की रोकथाम तथा निष्पक्षता और किफायती किराए को सुनिश्चित करने के लिए हवाई किराए पर तत्काल रूप से सीमा लगाई गई है। सभी विमान कंपनियों को संशोधित किराए ढांचे का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त इंडिगो को रद्द या बेहद विलंबित उड़ानों के लिए रिफंड शुरू करने का निर्देश दिया गया है। मंत्रालय ने इंडिगो को व्यवधानों के कारण यात्रियों से अलग हुए सभी सामानों का पता लगाकर उन्हें 48 घंटे के भीतर वापस देने का भी निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय का 24 घंटे चालू कंट्रोल रूम ऑन ग्राउंड टीमों के साथ मिलकर विमान संचालन, हवाई अड्डे की स्थितियों और यात्री सहायता की देखरेख कर रहा है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने आश्वासन दिया है कि विमानन नेटवर्क अब पूरी तरह से सामान्य स्थिति की ओर तेजी से बढ़ रहा है और जब तक संचालन पूरी तरह से स्थिर नहीं हो जाता तब तक सुधारात्मक उपाय जारी रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए आदर्श, दिल्ली।

हमारे लखनऊ प्रतिनिधि ने बताया कि कल भी लखनऊ से आने–जाने वाली तैतीस फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं।

****

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए, वाराणसी और नई दिल्ली के बीच एक आरक्षित सुपरफास्ट विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह पहल खासतौर पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, और दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर की गई है। यह विशेष ट्रेन कुल 16 कोच के साथ चलाई जाएगी, इसका संचालन निर्धारित तिथियों पर एक–एक फेरे के लिए किया जाएगा।

****

काशी तमिल संगमम का चौथा संस्करण एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रहा है। तमिलनाडु से वाराणसी पहुंचे तमिल मेहमानों के चौथे दल का कल भव्य स्वागत किया गया। एक रिपोर्ट–

वाराणसी में काशी तमिल संगमम् के चतुर्थ समूह के आगमन पर काशी विश्वनाथ मंदिर के शास्त्रियों ने पुष्पवर्षा और वेदध्वनी के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत के उपरांत सदस्यों को मंदिर प्रशासन द्वारा काशी विश्वनाथ धाम के भव्य कॉरिडोर का विस्तृत भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान सभी ने धाम के ऐतिहासिक स्वरूप, स्थापत्य कला, नवनिर्मित सुविधाओं और निरंतर बढ़ती श्रद्धा–धारा के बारे में जानकारी प्राप्त की। अन्नक्षेत्र में परोसे गए प्रसाद ने सभी को काशी की सेवा–परंपरा और अतिथि–भावना का गहरा अनुभव कराया। इसके पूर्व तृतीय दल के रूप में लेखकों के समूह ने हनुमान घाट पर मां गंगा में स्नान किया और सुब्रमण्यम स्वामी के घर पर पहुंचकर काशी की आध्यात्मिकता को महसूस किया तत्पश्चात काशी हिंदू विश्वविद्यालय में एकेडमिक सेशन में भाग लेकर वाराणसी के विश्व प्रसिद्ध नगरी प्रचारिणी सभा में रखी गई पुस्तकों का अवलोकन किया। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।

काशी तमिल संगमम में कल पत्र सूचना कार्यालय वाराणसी के तत्वाधान में सर्किट हाउस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि वाराणसी के स्थानीय निवासी भी तमिल लोगों के साथ घुलमिल गये हैं । इससे अनेकता में एकता को बल मिलता है।

****

गोआ के अरपोरा स्थित एक नाइट क्लब में हुई आग दुर्घटना में पचीस लोगों की मौत हो गई। मरने वाले कर्मचारियों में से दो कर्मचारी प्रदेश के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक प्रकट करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में गोवा की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि को अत्यंत दुःखद बताया है।

****

फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का बावनवां संस्करण कल देश भर में दस हजार से अधिक स्थानों पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस संस्करण की थीम भारत द्वारा कॉमनवेल्थ गेम्स दो हजार तीस की मेजबानी का अधिकार प्राप्त करने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर आधारित रही। इसका नोडल कार्यक्रम सांस्कृतिक राजधानी वाराणसी में आयोजित हुआ।

****